एक नजर में

विष्णु गुप्ता का हार्ट अटैक से निधन

खिलचीपुर 12 अक्टूबर, सं. नगर में रविवार सुबह तोपखाना गेट रोड निवासी 42 वर्षीय विष्णु गुप्ता का हार्ट अटैक से निधन हो गया. रोज की तरह वे सुबह करीब साढ़े 12 बजे अपने घर के बाहर स्थित मोबाइल दुकान पर कुर्सी पर बैठे थे. तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी हाथ-पैर अकड़ने लगे. उल्टी हुई और देखते ही देखते वे कुर्सी से नीचे गिर पड़े. परिजन और आसपास के लोग उन्हें तत्काल एक निजी नर्सिंग होम ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. इसके बाद उन्हें राजगढ़ जिला अस्पताल भी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत्यु की पुष्टि कर दी.

रामप्रसाद नागर का देवलोकगमन

करनवास 12 अक्टूबर, सं. करनवास के समीप ग्राम सेलापानी निवासी श्री रामप्रसाद नागर का शनिवार की देर शाम को देवलोकगमन हो गया. काफी सहज, सरल, मिलनसार व्यक्तित्व के धनि श्री नागर के निधन से मिलने-जुलने वालों में शोक छा गया. वह देवचंद नागर के ज्येष्ठ भ्राता तथा जगदीश नागर, बनेसिंह, गिरराज नागर के पिताश्री तथा ब्यावरा निवासी सुनील, अनिल नागर के ताऊजी थे. रविवार को ग्राम सेलापानी स्थित मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, प्रबुद्धजनों, समाज बंधुओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की. चिता को मुखाग्नि पुत्रगण द्वारा दी गई.

26 को स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर

सारंगपुर 12 अक्टूबर, सं. आरोग्य भारती मध्य भारत प्रांत जिला ब्यावरा तहसील इकाई की बैठक शनिवार को स्थानीय सिविल अस्पताल के मीटिंग हॉल में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर मनीष चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई. इस दौरान भगवान धन्वंतरि जन्म उत्सव सहित आगामी कार्य योजना पर विचार विमर्श किया. इस दौरान बीएमओ डॉ चौहान ने बताया कि भगवान धनवंतरी का प्रकटोत्सव 18 अक्टूबर धनतेरस के दिन विधिवत पूजा अर्चन कर हर्षोल्लास से मनाया जायेगा. इस दौरान आरोग्य भारती कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिकार, संरक्षक नंदकिशोर सोनी, सचिव डॉ आर्य ने भगवान धनवंतरी और आयुर्वेद के विषय में बताया. भगवान धन्वंतरि के प्राकट्य उत्सव की बेला में 26 अक्टूबर को सुदर्शन नगर स्थित माता मंदिर परिसर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा. इसमें बीपी, शुगर एवं नेत्र परीक्षण किया जाएगा. इस अवसर पर डॉक्टर नितेश मिश्रा डॉक्टर दुर्गेश चंद्रवंशी, डॉ विजय चौहान, डॉ नितेश जोशी, रमेश चंद वर्मा, प्रकाश परमार, मीडिया प्रभारी कैलाश शर्मा पर्यावरण प्रेमी रामनारायण टेटवाल, रमेश चंद गुजरिया, शिवनारायण मालवी, मनोज पुष्पद सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे. आभार संगठन मंत्री डॉक्टर नारायण सिंह नागर ने माना.

नवभारत
एजेंसी देना है

नवभारत भोपाल संस्करण अंतर्गत जिले के सण्डावता, मण्डावर, मलावर में समाचार प्रसार और विज्ञापन एजेंसी देना है.
पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करने वाले इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें

नवभारत जिला कार्यालय ब्यावरा
9993866399

आधुनिकता के साथ पुरातन परंपरा का भी सम्मान हो

राजगढ़ में विशाल पथ संचलन का आयोजन, संघ के पूर्व सर सह कार्यवाह सुरेश सोनी ने दिया उद्बोधन

संघ के शताब्दी वर्ष अंतर्गत हो रहे आयोजन

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 12 अक्टूबर, का. नगर में संघ के शताब्दी वर्ष के तहत अभिनव संघम संचलन का आयोजन किया गया. जिसमें नगर की 6 बस्तियों और अंचल से करीब 3 हजार से अधिक स्वयं सेवकों ने भाग लिया. ध्वजवाहिनियों के साथ स्वयंसेवकों ने कदमताल की जिसका नागरिकों ने पुष्पवर्षा से अभिनंदन किया.

नगर भगवा पताकाओं से रंगा नजर आया. दोपहर 3 बजे से नगर के व्यापारियों ने शाम तक अपने प्रतिष्ठान बंद रखे. स्वागत पंडालों में आगे रही महिलाएं. संचलन मार्ग पर दर्जनों जगह पुष्प वर्षा सहित झांकियों के माध्यम से स्वागत किया गया. पथ संचलन में उम्मीद से अधिक संख्या में स्वयं सेवक शामिल हुए. इधर दिनभर प्रशासन मुस्तैद, रहा.

मुख्य वक्ता के रूप में संघ के पूर्व सर सह कार्यवाह सुरेश सोनी ने स्वयंसेवकों को उद्बोधन दिए. उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष तक पहुंचना सभी स्वयंसेवकों की अनुशासन, निष्ठा का परिचायक है. संघ ने समाज के बीच जाकर समय-समय पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है. हम राष्ट्र, संस्कृति और अपनी परंपराओं के वाहन बनकर समाज में जीते है. स्टेडियम प्रांगण में हुए आयोजन में बड़ी तादाद में स्वयंसेवकों और पदाधिकारी शामिल हुए. श्री सोनी ने कहा कि भारत को आगे ले जाने के लिए हम सभी को कदमताल करने होंगे. उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि तकनीक आधारित आधुनिकता को अपनाना अच्छी बात है कि लेकिन उसके लिए अपनी पुरातन परंपराओं, पद्धति, आयुर्वेद और वेदों को नजर अंदाज नहीं किया जाना चाहिए. भारत ने विश्व को खगोल, विज्ञान और वैदिक गणितीय पद्धतियां दी है. सबसे पुराने लिखित पुस्तकों के रूप में वेद हमारे यहां उपलब्ध रहे है. हमने विश्व को दिशा दी है. उन्होंने बच्चों में भारतीय संस्कार सीखने की बात कही.

संयुक्त परिवार भारतीय समाज की पहचान-सोनी

ब्यावरा 12 अक्टूबर, का. संयुक्त परिवार की परंपरा भारतीय समाज की पहचान रही है. एकल परिवार की व्यवस्था हमारे देश की परंपरा नहीं है, बल्कि यह विदेशी चलन है. हमारी संस्कृति में परिवार केवल माता-पिता और बच्चों तक सीमित नहीं, बल्कि दादा-दादी, चाचा-चाची, भाई-बहन, सभी का स्नेह और साथ होता था. उक्त उद्गार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कुटुंब प्रबोधन गतिविधि के अंतर्गत रविवार को नगर में नवदंपति मिलन कार्यक्रम में संघ के पूर्व सह सरकार्यवाह और संघ के अखिल भारतीय अधिकारी सुरेश सोनी द्वारा मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किए गये. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सोनी ने कहा कि संयुक्त परिवार में रहकर बच्चे न केवल संस्कार सीखते हैं, बल्कि अपने बड़ों के अनुभवों से जीवन जीने की कला भी समझते है. उन्होंने संस्कृति और परंपराओं से जुड़ाव पर जोर देते हुए कहा कि यदि परिस्थितियों के चलते कोई परिवार एक साथ नहीं रह पा रहे है, तो सप्ताह में कम से कम एक दिन सभी को एकत्र होकर भोजन करने की परंपरा शुरू करनी चाहिए. श्री सोनी ने युवाओं से आह्वान किया कि वे आधुनिकता को अपनाएं लेकिन अपनी संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों को न भूले. कार्यक्रम में 150 से अधिक नवयुगल उपस्थित रहे. परिवार और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने और निभाने का संकल्प लिया. नवदंपतियों के लिए विशेष संवाद सत्र भी रखा गया, जिसमें उनसे पारिवारिक जीवन में संवाद, सहयोग और समझ बढ़ाने पर चर्चा की गई. इस अवसर पर संघ के विभाग संघचालक उदयसिंह चौहान, नगर संघचालक राधेश्याम शर्मा मंचासीन रहे. आयोजन का मुख्य उद्देश्य नवदंपतियों में पारिवारिक एकता, भारतीय संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था.

पूर्ण गणवेश में निकाला पथ संचलन

करनवास 12 अक्टूबर, सं. राष्ट्रीय स्वयंसेवक का शताब्दी वर्ष पर संचलन बड़े ही उत्साह और अनुशासन के साथ निकाला गया. इस अवसर पर सेकड़ो स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया. पथ संचलन गांव के मुख्य मार्ग से होते हुए रेलवे कॉलोनी चांदनी चौक रामलीला चौक राम मंदिर होते हुए डिकोला मोहल्ले बोरपुरा होते हुए शिवालय रोड होते हुए वापस हायर सेकेंडरी स्कूल में संपन्न हुआ. पूरे गांव में देशभक्ति और एकता में नजर आया. इस अवसर पर मुख्य वक्ता भगवान सिंह चौहान ने कहां की सन 1925 में नागपुर के छोटे से मोहित ने संघ की शाखा प्रारंभ की जिसने आज विशाल वट वृक्ष के रूप ले लिया है. हम हमारा लक्ष्य व्यक्ति निर्माण राष्ट्र निर्माण का भाव सिखाता है. हिंदुओं को जगाने के लिए जामवंत की जरूरत है हिंदू धर्म में हनुमान जी जैसी शक्ति है समाज ने जातिवाद बड़ा जहर है जैसे लोहे को जंग खा जाता है लकड़ी को दीमक खा जाता है वैसे समाज को जातिवाद खा रहा है समाज ने आज हमारे महापुरुष और देवी देवताओं को भी बांट लिया है. विधर्मियों लोगों ने हिंदू समाज को तोड़ने का कई बार प्रयास किया किंतु संघ ने सभी को एक किया.

हाईवे पर अनियंत्रित होकर पलटी बस, पांच घायल

तड़के गुना रोड पर हुई घटना, डिवाइडर से टकराकर रोड से नीचे जा पहुंची बस

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 12 अक्टूबर, का. रविवार की तड़के करीब 5 बजे गुना रोड पर काचरी के समीप एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलटकर रोड से नीचे जा पहुंची. दुर्घटना में बस में सवार पांच यात्री घायल हो गये.

पुलिस के अनुसार आगरा से इंदौर जा रही यात्री बस क्रमांक यू.पी. 80, टी.3299 एकाएक गुना रोड पर काचरी के यहां पहले डिवाइडर से टकराई फिर अनियंत्रित होकर रोड से नीचे जाकर पलट गई. दुर्घटना में बस में सवार हरिशचंद्र, जितेन्द्र अग्रवाल, रजनी पति गुड्डु शिवहरे, शिवानी गुप्ता, राहुल पिता अजय शर्मा घायल हो गये जिनको सिविल अस्पताल ब्यावरा लाया गया. जहां चिकित्सक द्वारा उपचार किया गया. बस में करीब 20 यात्री सवार थे.

अन्य यात्रियों को भी हल्की चोट आना बताया जाता है. राहगीरों एवं आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत बचाव कार्य करते हुए घायलों को बस में से सुरक्षित बाहर निकाला. जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को सिविल अस्पताल लाया गया.

जिला पंचायत की साधारण सभा 14 को

राजगढ़, 12 अक्टूबर, का. जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह सौंधिया की अध्यक्षता में 14 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी. बैठक में एम.पी.ई.बी. किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, जल संसाधन विभाग मोहनपुरा, कुण्डालिया एवं सुठालिया सिंचाई परियोजना, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग सहित अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी.

ध्वज के सम्मान में बरसाए फूल

पड़ाना 12 अक्टूबर, सं. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्षों को लेकर समीप ग्राम मऊ में रविवार मां दुर्गा गौशाला परिसर में 7 गांव के स्वयंसेवकों ने घोष की धुन के साथ कदम ताल मिलाते हुए पथ संचलन निकाला गया. जो नगर के खेड़ापति हनुमान मंदिर चौक से प्रारंभ होकर गौशाला परिसर पहुंचा. ग्रामीणों ने ध्वज एवं पथ संचालन पर फूल बरसाकर स्वागत किया. अध्यक्षता वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रहलाद सिंह परमार, जिला सह संघ संचालक सिद्धनाथ वर्मा, जिला कार्यवाहक अजब सिंह इत्यादि मंचासिन हुए. सिद्धनाथ वर्मा ने कहां की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य समाज में एकता की भावना बढ़ाना है.

शासकीय कॉलेज में हो रहा युवा उत्सव का आयोजन

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 12 अक्टूबर, का. स्थानीय शासकीय कॉलेज में तीन दिवसीय महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव का आयाजन चल रहा है जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं हो रही है.

युवा उत्सव प्रभारी प्रो. अरविंद भारद्वाज के अनुसार विद्यार्थी के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए सांस्कृतिक, रंगोली, पोस्टर निर्माण, वाद-विवाद, प्रश्न मंच प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें उत्साह के साथ प्रतिभागियों ने भाग लिया.

रंगोली में हर्षिता मेवाड़े प्रथम, गुनगुन सोनी द्वितीय, भूमिका शाक्य तृतीय स्थान पर रही. पोस्टर निर्माण में ऋषभ सिंह प्रथम, वेदिका सक्सेना द्वितीय एवं राजकुमार जाटव तृतीय स्थान पर रहे. स्थल चित्रण प्रतियोगिता में पायल धनगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. साहित्यिक प्रतियोगिता में वक्ता में आस्था बिकावत प्रथम, कपिल दांगी द्वितीय एवं ईश्वर सौंधिया तृतीय रहे. वाद-विवाद पक्ष में ईश्वर सौंधिया प्रथम, बेबी उपाध्याय द्वितीय, पलक नागर तृतीय रहे. विपक्ष में कपिल दांगी प्रथम, आस्था बिकावत द्वितीय रहे. प्रश्न मंच प्रतियोगिता में नीतेश राजपूत, ऋषभ सिंह, धनराज सौंधिया की टीम प्रथम, ईश्वर सौंधिया, कपिल दांगी, आयुष की टीम द्वितीय तथा आस्था बिकावत, बेबी उपाध्याय, पलक नागर की टीम तृतीय स्थान पर रही. उत्सव का अंतिम दिवस सोमवार को रहेगा जिसमें गायन, वादन, नृत्य, नाटक सहित सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी.

आयोजन में डा भारती, प्रो. दिलीप गुप्ता, डा. एच.एल. प्रजापति, के.एल. जाटव, डा. उर्मिला वास्केल, डा. नमिता जैन, मनीष झाला, अरविंद शर्मा, श्रीमती अपूर्वा दुबे, डा. शिखा विश्वकर्मा, सुश्री वीणा हरोड़े, सुश्री दिव्या सिंह, क्रीड़ा अधिकारी राकेश जाटव का सराहनीय सहयोग रहा.

मुख्य मार्ग पर 2 घंटे तक लगा डेढ़ किमी लम्बा जाम

रोड पर रखा सामान, बेतरतीब खड़े वाहन, ठेले बन रहे बाधक

खिलचीपुर स्थित मुख्य मार्ग पर आये दिन जाम की समस्या

नवभारत न्यूज

खिलचीपुर 12 अक्टूबर, सं. खिलचीपुर नगर के मुख्य मार्ग पर आये दिन घंटो तक जाम के हालातों से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. शनिवार को मुख्य मार्ग पर इमली स्टैंड से झालावाड़ नाके तक दो घंटे तक करीब डेढ़ किमी लम्बा जाम लगा जिसमें सैकड़ो वाहन फंसे रहे.

गौरतलब है कि इमली स्टेण्ड से झालावाड़ नाके तक मैन रोड पर काफी व्यस्त यातायात रहता है. दुकानों के सामने काफी आगे तक सामान रखने, यहां-वहां चार पहिया वाहन, हाथ ठेले खड़े रहने से मार्ग पर बहुत ही कम जगह रह जाती है. शनिवार की दोपहर बाद 4 बजे जाम लगने लगा. करीब दो घंटे तक इमली स्टेण्ड से झालावाड़ नाके तक भारी जाम रहा.

बाधा पहुंचाने पर कार्यवाई

जाम लगने की जानकारी लगते ही टीआई उमाशंकर मुकाती पुलिस और प्रशासनिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा जाम को खुलवाने के प्रयास में जुट गये. साथ ही यातायात एवं बाजार बैठक व्यवस्था में बाधा पहुंचाने वालो को हिदायत दी. जब अमले द्वारा कार्यवाई की जा रही थी तभी फलौदी लॉज के नीचे मौजूद एक गल्ला व्यापारी की दुकान के यह पर सड़क पर खड़े वाहन एवं अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही थी तभी व्यापारी कार्रवाई का विरोध करते हुए बहसबाजी करने लगा. इस पर व्यापारी के वाहन एवं अन्य यातायात में अवरोधक बन रहे वाहनों को जप्त कर थाने ले जाया गया. इमली स्टेण्ड से झालावाड़ नाके तक सड़क पर खड़े वाहनों, ठेले और अस्थाई अतिक्रमण को हटाते हुए मार्ग पर यातायात सुगम किया गया. प्रशासनिक अमले द्वारा कहा गया कि भविष्य में यातायात एवं बाजार व्यवस्था को बाधित करने वालों पर सख्त कार्यवाई की जाएगी.

प्लाट में कूड़ा कचरा से रहवासी परेशान

जीरापुर 12 अक्टूबर, सं. नगर परिषद अन्तर्गत नगर के गुर्जर चोक में एक खाली प्लॉट पर कचरा कूड़ा पड़ा होने से प्लाट के सामने रहवासी परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. जानकारी के मुताबिक रामाकिशन सेन नामक व्यक्ति ने नगर परिषद को लिखित में आवेदन देकर उक्त समस्या से अवगत कराया. आवेदन में उल्लेख किया कि मेरे मकान के सामने एक प्लाट खाली पड़ा है जिसमें कचरा कूड़ा जमा है जिससे उस स्थान पर सुअर भी आ जाते हैं जो कई बार मेरे घर में घूस जाते हैं लेकिन परिषद उक्त स्थान कि सफाई नहीं करवाती है न प्लाट वाले को सूचित कर सफाई करवाती है रामकिशन सेन ने शीघ्र सफाई की मांग करते हुए कहा कि दीपावली जैसा त्यौहार सामने है.

समारोह समाज समागम में शामिल हुए जिले भर से समाज बंधु, सांस्कृतिक आयोजन हुए

अजमीढ़ जयंती पर निकला भव्य चल समारोह

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 12 अक्टूबर, का. महाराजा अजमीढ़ जयंती के अवसर पर रविवार को मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के द्वारा नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया. जिले भर से समाज बंधु आयोजन में शामिल हुए.

मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज जिला संगठन के तत्वावधान में स्थानीय वल्लभा परिसर में स्वर्णकार समाज समागम और महाराजा अजमीढ़ की महाआरती का आयोजन किया गया.

वरिष्ट जनों और अतिथियों के सम्मान के साथ महिला मंडल के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विजेता रहे प्रतिभागियों का सम्मान किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार रहे. स्वर्णकला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष दुर्गेश सोनी रेहटी वाले, प्रदेश अध्यक्ष राजमल सोनी, प्रांतीय सचिव देवीलाल सोनी आगर, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा, भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा, मांगीलाल सोनी, कैलाश सोनी, स्वर्णकार विचार मंच के अध्यक्ष बनवारी सोनी, मुकेश सोनी इंजिनियर, घनश्याम सोनी नरसिंहगढ़, महिला मंडल जिला अध्यक्ष लक्ष्मीदेवी सोनी, अनिता सोनी, बद्रीलाल सोनी पढ़ाना वाले अतिथि के रूप में मौजूद रहे.

भव्य चल समारोह वल्लभा परिसर से शुरु होकर पीपल चौराह, अहिंसा द्वार, जगात चौक, मैन मार्केट से होता हुआ वापस वल्लभा परिसर पहुंचा. चल समारोह का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया.

अजमीढ़ जयंती के आयोजन में नरसिंहगढ़, पचोर, बोड़ा, मलावर, लखनवास, जीरापुर माचलपुर, खुजनेर, राजगढ़, छापीहेड़ा, करेड़ी, भोजपुर, नलखेड़ा, गुना, आरोन, बीनागंज सहित सुठालिया व अन्य जगहों से समाज बंधु शामिल हुए.

ये रहे प्रथम विजेता

फेंसी ड्रेस में निष्ठा सोनी प्रथम, डांस 5 से 10 वर्ष में वीरा जजावरा प्रथम, 11 से 16 में महिमा सोनी प्रथम, गायन वादन में वैश्नवी सोनी, दिशा सोनी प्रथम, रानू जजावरा प्रथम स्थान पर रहे.

आठ वर्षों से बंद शौचालय

नवभारत न्यूज

खिलचीपुर 12 अक्टूबर, सं. खिलचीपुर नगर में प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों रुपये की लागत से निर्मित एक सार्वजनिक शौचालय पिछले आठ वर्षों से बंद पड़ा है। नगर के झालावाड़ नाके के पास सोमवारिया जाने वाले मार्ग पर वार्ड क्रमांक 4 में स्थित यह शौचालय निर्माण के बाद से ही बंद है.

12 लाख खर्च किए, जनता के लिए खोला ही नहीं वर्ष 2016-17 में खिलचीपुर नगर पालिका ने नई दिल्ली की लोकप्रिय सेवा संस्थान के माध्यम से इस सार्वजनिक शौचालय परिसर का निर्माण कराया था। इसके निर्माण पर कुल 12 लाख 96 हजार रुपए खर्च हुए थे। हालांकि, निर्माण पूरा होने के बाद इसे कभी भी जनता के लिए खोला नहीं गया।

जिम्मेदारों ने ताला लगा परिसर छोड़ दिया जिस संस्था को इसके संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उसने ताले लगाकर परिसर छोड़ दिया, और तब से यह सुविधा बंद पड़ी है.

स्थानीय निवासी राजू मालवीय ने बताया कि इसे बंद ही रखना था, तो लाखों रुपये खर्च करने की क्या आवश्यकता थी. शौचालय बंद होने के कारण उन्हें खुले में शौच के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं.